# 1705/R/Arts

## Second Year (Arts) Regular Examination, 2017

### सामान्य हिंदी

**रोल नं.** ................................. **पेपर कोड :** ..................................

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 100**

**पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर** ..............................................................................

**छात्र के हस्ताक्षर** ........................................................................................

**निर्देश**

1. प्रश्न-पत्र में कुल **100** प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है ।
2. सभी **100** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।
3. ऋणात्मक अंक देय नहीं है ।

EXAMINERS COPY

4. छात्र प्रश्न बुकलेट प्राप्त करते ही सबसे पहले उसके कुल पृष्ठ तथा प्रश्न संख्या की जाँच कर लें । यदि प्रश्न-पत्र में कोई त्रुटि अथवा कटा-फटा हो, तो 10 मिनट में पर्यवेक्षक को सूचित करें ।
5. छात्र को सभी प्रश्नों के उत्तर OMR शीट में देने हैं । छात्र को सही उत्तर से सम्बन्धित गोले को काली पेन्सिल/काले पेन से गहरा काला करना है ।
6. छात्र को उत्तर देते समय OMR शीट पर दिए गए निर्देशों को ध्यान में रखते हुए एच.बी. पेन्सिल अथवा काले पेन से ही गोले को काला करना है ।
7. छात्र को प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक गोले को ही काला करके देना है । यदि एक से अधिक गोले बनाए तो वह उत्तर नहीं पढ़ा जाएगा ।
8. छात्र को OMR शीट उत्तर देने के पश्चात् पर्यवेक्षक को जमा करानी अनिवार्य है ।

## इकाई I

1. भविष्य के विषय में द्विवेदी जी ने क्या माना है ?

(A) अनिश्चित

(B) निश्चित

(C) अवांछित

(D) असहिष्णु

2. दिनकर जी की दूसरी मुलाकात निराला जी से कहाँ हुई थी ?

(A) संसद में

(B) राष्ट्रपति भवन में

(C) साहित्यकार संसद में

(D) पटना में

3. 'गौरा' की मृत्यु कैसे हुई ?

(A) भयंकर बीमारी से

(B) विषैला पदार्थ खाने से

(C) ग्वाले द्वारा गुड़ में सुई मिलाकर खिला देने से

(D) आकस्मिक रूप से

4. 'कुरुक्षेत्र' रचना पर किसे पुरस्कार मिला ?

(A) प्रसाद को

(B) दिनकर को

(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी को

(D) पंत को

5. गद्य के आदिम रूप का नमूना मिलता है :

(A) कुवलयमाला

(B) पृथ्वीराज रासो

(C) कामायनी

(D) भ्रमरगीत

6. 'पाजेब' कहानी का मूलाधार है :

(A) मनोविज्ञान

(B) बाल मनोविज्ञान

(C) राजनीति

(D) सामाजिक विषमता

7. 'नासिकेतोपाख्यान' के रचनाकार हैं :

(A) सदल मिश्र

(B) सदासुख लाल

(C) इंशा अल्लाह खान

(D) लल्लू लाल

8. 'अर्जुनदास' के पिता किस वर्ग से संबंधित हैं ?

(A) पुरोहित

(B) धनी-मानी

(C) निर्धन

(D) नौकरी-पेशा

9. 'अजेय लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल' पाठ के लेखक हैं :

(A) चन्द्रगुप्त विद्यालंकार

(B) सत्यकाम विद्यालंकार

(C) रघुवीर सिंह

(D) नागार्जुन

10. 'ताहि बोई तू फूल' किस विधा की रचना है ?

(A) कहानी

(B) फीचर

(C) यात्रावृत्त

(D) आत्मकथा

11. 'आकाशदीप' कहानी की पात्र 'चंपा' कहाँ की रहने वाली है ?

(A) चंपा द्वीप

(B) जम्बू द्वीप

(C) चंपा नगरी

(D) आर्य नगरी

12. 'कफ़न' कथा में झोंपड़े के द्वार पर बुझे अलाव के सामने चुपचाप बैठे हैं :

(A) माधव-मोहन

(B) माधव-लेखक

(C) लेखक-मित्र

(D) पिता और पुत्र

13. 'पत्नी' कहानी में पत्नी का नाम है :

(A) नन्दा

(B) सुनन्दा

(C) अलका

(D) सुषमा

14. 'गैंग्रीन' कहानी का अन्य नाम है :

(A) रोज

(B) कफ़न

(C) ईदगाह

(D) नवरोज़

15. 'गदल' कहानी के कहानीकार हैं :

(A) रांगेय राघव

(B) शिवप्रसाद सिंह

(C) अमरकान्त

(D) मोहन राकेश

16. 'हत्या और आत्महत्या के बीच' कहानी में प्रतिपाद्य है :

(A) आदर्शवादिता

(B) यथार्थवादिता

(C) उत्कृष्ट भावुकता

(D) वैयक्तिकता

17. 'लाल निशान' कहानी किस शैली में रची गई है ?

(A) किस्सागोई

(B) व्यंग्यात्मक

(C) आंचलिक

(D) मनोवैज्ञानिक

18. 'जनक' के चरित्र की उल्लेखनीय विशेषता है :

(A) जिजीविषा

(B) संघर्षशीलता

(C) विनोदप्रियता

(D) करुणाशीलता

19. 'जनक' पेशे से क्या था ?

(A) वकील

(B) अधिकारी

(C) मंत्री

(D) क्लर्क

20. 'जिनावर' कहानी में ताँगे वाले का नाम है :

(A) असलम

(B) आमिर

(C) अकबर

(D) इनमें से कोई नहीं

## इकाई II

21. उत्पत्ति की दृष्टि से शब्दों के भेद हैं :

(A) 3

(B) 4

(C) 5

(D) 6

22. संस्कृत के वे शब्द जो ज्यों के त्यों प्रयोग में आते हैं, कहे जाते हैं :

(A) तत्सम

(B) तद्‌भव

(C) देशज

(D) विदेशी

23. निम्न में रूढ़ शब्द कौनसा है ?

(A) मलयज

(B) जलज

(C) पंकज

(D) वैभव

24. निम्न में देशज शब्द है :

(A) अग्नि

(B) प्रार्थना

(C) खेत

(D) लोटा

25. 'चाय' किस भाषा का शब्द है ?

(A) चीनी

(B) जापानी

(C) अंग्रेजी

(D) फ्रेंच

26. 'अनिल' का पर्यायवाची शब्द है :

(A) चक्रवात

(B) पावस

(C) पवन

(D) अनल

27. 'जाह्नवी' का पर्याय है :

(A) संसार

(B) गंगा

(C) जानने वाली

(D) चाहने वाली

28. 'सेना' का पर्यायवाची है :

(A) अरि

(B) सैनिक

(C) अतनु

(D) अनीक

29. 'अवनि' का विपरीतार्थी शब्द है :

(A) आसमान

(B) आकाश

(C) अंबर

(D) गगन

30. 'उपमान' का विपरीतार्थी शब्द है :

(A) व्यतिरेक

(B) उपमेय

(C) अनन्वय

(D) महासंख्य

31. 'अंक' का अनेकार्थी **नहीं** है :

(A) गोद

(B) चिह्न

(C) गिनती

(D) धन

32. सूर्य, लाल अर्थ बोधक शब्द है :

(A) अंबर

(B) अक्ष

(C) अरुण

(D) अग्र

33. 'अलि' का अनेकार्थी **नहीं** है :

(A) भौंरा

(B) बिच्छू

(C) कोयल

(D) पदवी

34. संसार, शिव, जन्म बोधक अनेकार्थी शब्द है :

(A) बक

(B) भव

(C) मान

(D) मधु

35. 'सित' का अर्थ सफेद है, तो 'शिति' का :

(A) साँवला

(B) श्याम

(C) गौर

(D) रक्तिम

36. 'पुत्र और सारथी' बोधक समश्रुत है :

(A) सकल-शकल

(B) तनय-नेह

(C) सुत-सूत

(D) पूत-सीम

37. 'आदि' का अर्थ आरम्भ है तो 'आदी' का अर्थ है :

(A) अन्त

(B) व्यसन

(C) मध्य

(D) उपर्युक्त सभी

38. 'सम' का अर्थ समान है तो 'शम' का अर्थ है :

(A) चावल

(B) अशांति

(C) समान

(D) दबाना

39. 'प्रेक्षक' का अर्थ दर्शक है तो 'प्रेषक' का अर्थ है :

(A) पाने वाला

(B) भेजने वाला

(C) देखने वाला

(D) उपर्युक्त सभी

40. ज़रा का अर्थ थोड़ा है तो 'जरा' का अर्थ है :

(A) युवावस्था

(B) वृद्धावस्था

(C) बाल्यावस्था

(D) उपर्युक्त सभी

## इकाई III

41. पत्र लेखन में अपनों से छोटों के लिए उपयुक्त संबोधन है :

(A) बन्धुवर

(B) प्रिय महोदय

(C) आदरणीय

(D) प्रिय

42. व्यक्तिगत पत्र की श्रेणी में **नहीं** आता :

(A) संवेदना पत्र

(B) प्रार्थना पत्र

(C) निमंत्रण पत्र

(D) बधाई पत्र

43. समाचार-पत्र के संपादक को लिखा जाने वाला पत्र है :

(A) पारिवारिक पत्र

(B) व्यावसायिक पत्र

(C) कार्यालय पत्र

(D) आवेदन पत्र

44. कार्यालय पत्र की भाषा किस पुरुष में होती है ?

(A) मध्यम

(B) उत्तम

(C) अन्य

(D) सभी

45. नौकरी के लिए आवेदन पत्र की समाप्ति पर लिखा जाने वाला शब्द है :

(A) भवदीय

(B) उत्तराकांक्षी

(C) प्रार्थी

(D) आज्ञाकारी

46. 'गजट' में छपने वाली सूचनाएँ कही जाती हैं :

(A) विज्ञापन

(B) सूचना

(C) आदेश

(D) अधिसूचना

47. Memorandum शब्द का हिंदी अनुवाद है :

(A) प्रेस ज्ञापन

(B) प्रपत्र

(C) अधिसूचना

(D) निजी पत्र

48. Reporter का हिंदी पदनाम है :

(A) सम्पादक

(B) संवाददाता

(C) प्रकाशक

(D) कोई नहीं

49. Auditor का हिंदी रूपान्तरण होगा :

(A) लेखाकार

(B) अंकेक्षक

(C) लेखक

(D) लिपिक

50. Undertaking का पारिभाषिक अर्थ है :

(A) उपहार

(B) उपक्रम

(C) अभिवचन

(D) अनुक्रम

51. Tenure का हिंदी अर्थ है :

(A) पदावधि

(B) पदावनत

(C) पदोन्नति

(D) उपर्युक्त सभी

52. Toll का हिंदी अर्थ होगा :

(A) बिक्रीकर

(B) बीमाकर

(C) पथकर

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

53. Sanction का पारिभाषिक अर्थ है :

(A) स्वीकृति

(B) अस्वीकृति

(C) संस्वीकृति

(D) कृति

54. Licence का पारिभाषिक अर्थ है :

(A) ज्ञप्ति

(B) ज्ञापन

(C) विज्ञप्ति

(D) अनुज्ञप्ति

55. Probation का हिंदी अर्थ है :

(A) अन्वीक्षा

(B) परिवीक्षा

(C) अभिजागर

(D) उपर्युक्त सभी

56. By Law का अनुवाद है :

(A) उपविधि

(B) उपनिधि

(C) विधि

(D) संविधि

57. Attorney General का पारिभाषिक रूपांतरण है :

(A) महालेखाकार

(B) महानियंत्रक

(C) महान्यायवादी

(D) महाप्रबंधक

58. Ex Officio का हिंदी पर्याय है :

(A) पूर्व अधिकारी

(B) पदाधिकारी

(C) पदेन अधिकारी

(D) जिला अधिकारी

59. अपरिहार्य का अंग्रेजी पर्याय है :

(A) Necessity

(B) Justified

(C) Urgent

(D) Unavoidable

60. अनुदान को अंग्रेजी में लिखा जाएगा :

(A) Fund

(B) Handover

(C) Grant

(D) Exemption

## इकाई IV

61. 'लाल-पीला होना' का अर्थ है :

(A) मुद्राएँ बदलना

(B) क्रोध करना

(C) तेवर बदलना

(D) रंग बदलना

62. 'छाती पर मूँग दलना' का अर्थ है :

(A) कठिन काम

(B) बात-बात पर लड़ना

(C) कर्जा देना

(D) पास रहकर दु:ख देना

63. 'पौ-बारह होना' का आशय है :

(A) दाव हारना

(B) कार्य सिद्ध होना

(C) लाभ ही लाभ

(D) सुबह होना

64. 'आगा-पीछा करना' का अर्थ है :

(A) चापलूसी करना

(B) उलटफेर करना

(C) हिचकना

(D) दुविधा में पड़ना

65. 'तीन लोक से मथुरा न्यारी' लोकोक्ति का आशय है :

(A) बहुत सुन्दर

(B) दूर की वस्तु सुन्दर

(C) जरूरत से ज्यादा बढ़ाई

(D) उपर्युक्त सभी

66. 'कोयले की दलाली में मुँह काला' का अभिप्राय है :

(A) कोयले का व्यापार करना

(B) बुरे काम में बुराई मिलना

(C) झूठ बोलना

(D) व्यापार में घाटा होना

67. 'नीम हकीम खतरे जान' कहावत का आशय है :

(A) डींग हाँकना

(B) बीमारी का गलत इलाज

(C) अल्पविद्या भयंकर

(D) उपर्युक्त सभी

68. 'अधजल गगरी छलकत जाय' का अर्थ है :

(A) अल्पज्ञ द्वारा गर्व प्रदर्शन

(B) अत्यधिक वाचाल

(C) संभलकर न चलना

(D) उपर्युक्त सभी

69. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है :

(A) श्रीमति

(B) श्रीमती

(C) श्रिमती

(D) उपर्युक्त सभी

70. **सही** शब्द का चयन करें :

(A) नवरात्र

(B) नवरात्रि

(C) नवरात्री

(D) उपर्युक्त सभी

71. निम्न में **अशुद्ध** है :

(A) स्वास्थ

(B) जिजीविषा

(C) निजी

(D) स्वावलंबन

72. निम्न में **शुद्ध** वर्तनी है :

(A) स्वतन्त्र्य

(B) स्वातन्त्र्य

(C) स्वार्तंत्र

(D) उपर्युक्त सभी

73. निम्न में **शुद्ध** वर्तनी युक्त शब्द है :

(A) उज्जवल

(B) प्रज्ज्वल

(C) अतिश्योक्ति

(D) सरदी

74. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द **नहीं** है :

(A) श्रंगार

(B) शृंगार

(C) श्रद्धा

(D) चिह्न

75. निम्न में **शुद्ध** वाक्य है :

(A) मेरे को कुछ दूध दे दो

(B) इनमें से कोई हानि नहीं

(C) कसेरा कपड़े धोता है

(D) बच्चे खेल रहे हैं

76. निम्न में अशुद्ध वाक्य **नहीं** है :

(A) कोलंबस ने अमेरिका का आविष्कार किया

(B) यहाँ ताजा गाय का दूध मिलता है

(C) उसने मुक्त हस्त से प्रशंसा की

(D) कृपया गंदगी न करें

77. 'जिसकी आशा न की गई हो' के लिए एक शब्द है :

(A) प्रत्याशित

(B) अप्रत्याशित

(C) प्रत्यक्ष

(D) आशातीत

78. 'आदि से अंत तक' के लिए एक शब्द है :

(A) आजन्त

(B) आद्यन्त

(C) अन्त्य

(D) आजन्म

79. 'आकस्मिक जीविका' के लिए शब्द है :

(A) वृत्ति

(B) आकाशवृत्ति

(C) स्वयंपाकी

(D) छात्रवृत्ति

80. 'जो किए उपकारों को नहीं मानता हो' के लिए एक शब्द है :

(A) कृतज्ञ

(B) कृती

(C) कृतघ्न

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## इकाई V

81. निम्न में कौनसी बोली पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है ?

(A) बुन्देली

(B) कन्नौजी

(C) ब्रज

(D) बघेली

82. 'मगही' किस उपभाषा की बोली है ?

(A) राजस्थानी

(B) बिहारी

(C) अवधी

(D) ब्रज

83. भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल भाषाओं की संख्या है :

(A) 15

(B) 24

(C) 22

(D) 18

84. वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप है :

(A) अवधी

(B) राजस्थानी

(C) खड़ी बोली

(D) देवनागरी

85. हिंदी के अतिरिक्त कौनसी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है ?

(A) कन्नड़

(B) मराठी

(C) मलयालम

(D) पंजाबी

86. 'ब्रजबुलि' नाम से जानी जाती है :

(A) ब्रज

(B) अवधी

(C) पुरानी बंगला

(D) गुजराती

87. हिंदी वर्णमाला में स्वरों की संख्या है :

(A) 09

(B) 10

(C) 11

(D) 13

88. मानकता का **सही** शब्द है :

(A) द्वितीय

(B) लड्डू

(C) विद्वान

(D) बुद्धिमान

89. कौनसा वर्ण मानक **नहीं** है ?

(A) क्ष

(B) ख

(C) ज्ञ

(D) भ

90. 'ज्ञ' वर्ण में योग है :

(A) ग् + य

(B) ग् + न

(C) ज् + ञ

(D) ज् + य

91. देवनागरी में गृहीत स्वर है :

(A) अं

(B) ऑ

(C) कि

(D) अ:

92. किस भाषा के वर्णों से शिरोरेखा हटा दी गई है ?

(A) राजस्थानी

(B) गुजराती

(C) ब्रज

(D) बिहारी

93. देवनागरी लिपि है :

(A) वर्णनात्मक

(B) ध्वन्यात्मक

(C) अक्षरात्मक

(D) चित्रात्मक

94. एक सामान्य कांपेक्ट डिस्क की क्षमता होती है :

(A) 2 GB

(B) 5 GB

(C) 200 MB

(D) 700 MB

95. निम्न में कौनसा उपकरण आउटपुट **नहीं** है ?

(A) प्रिंटर

(B) स्पीकर

(C) कीबोर्ड

(D) उपर्युक्त सभी

96. 'ई मेल' का विस्तृत रूप है :

(A) ईजी मेल

(B) इलेक्ट्रॉनिक मेल

(C) ऐक्स्ट्रा मेल

(D) उपर्युक्त सभी

97. निम्न में हिंदी फॉंट **नहीं** है :

(A) मंगल

(B) कृतिदेव

(C) कौटिल्य

(D) एरियल

98. वर्ड में एक फाइल कही जाती है :

(A) फॉर्म

(B) टैंपलेट

(C) डेटाबेस

(D) डॉक्यूमेंट

99. स्टोरेज का सबसे छोटा नाप है :

(A) टेट्राबाइट

(B) मेगाबाइट

(C) बाइट

(D) गीगाबाइट

100. कम्प्यूटर की भाषा **नहीं** है :

(A) बेसिक

(B) पॉवरपाइंट

(C) जावा

(D) C++

## Space for Rough Work